☎2286710
2286709

राज्य नगरीय विकास अभिकरण

नव चेतना केन्द्र,10 अशोक मार्ग,लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org
e-mail : pmusuda@gmail.com

पत्रांक– 5306 / 110 / तीन / 97– vi

दिनांक– 15/2/17

सेवा में,

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण– शामली, मुज्जफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, अमरोहा, पीलीभीत, लखीमपुर–खीरी, शाहजहाँपुर, बदायूँ।

2. संबन्धित सिटी प्रोजेक्ट आफिसर / परियोजना निदेशक
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई / डूडा, उ0प्र0

विषयः– **दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित घटकों के साथ ही सूडा / डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति समीक्षा हेतु प्रस्तावित बैठक दिनांक 20.02.2017 को परियोजना अधिकारी / सहा0 परि0 अधिकारी, डूडा उ0प्र0 की प्रतिभागिता के सम्बन्ध में।**

महोदया / महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटकों के साथ ही सूडा / डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति समीक्षा हेतु परियोजना अधिकारी / सहा0 परि0 अधिकारी, डूडा उ0प्र0 के साथ सूडा मुख्यालय सभागार में निम्नानुसार समीक्षा बैठक दिनांक 20.02.2017 को सूडा उ0प्र0 के सभागार कक्ष में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में सभी परियोजना अधिकारी / सहा0 परियोजना अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में विशेष परिस्थितियों में प्रतिभाग न कर पाने हेतु अपर मिशन निदेशक / अपर निदेशक महोदय से लिखित में अनुमति प्राप्त करनी होगी, अन्यथा अनुपस्थित होने की दशा में प्रतिकूल प्रविष्ट के साथ ही संबंधित का वेतन रोकने की नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि बैठक में सम्बन्धित परियोजना / सहा0 परियोजना अधिकारी डूडा उ0प्र0 को बैठक में ससमय प्रतिभाग करना है। बैठक का एजेण्डा निम्नवत् हैः–

1. पूर्व मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या की समीक्षा।
2. दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के समस्त घटकों की शहरवार सघन समीक्षा।
3. दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के सभी घटकों की वित्तीय प्रगति, यू0सी0 एवं लम्बित कार्यों / संदर्भों की समीक्षा।

4. बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत आवासों के आवंटन व हस्तान्तरण की स्थिति, आवास निर्माण की प्रगति व अभ्यर्पण के सापेक्ष धनराशि की वापसी की समीक्षा एवं व्यय धनराशि के सापेक्ष यू0सी0 बैठक में साथ ले कर आयें।
5. राजीव आवास योजना की समीक्षा तथा निर्माण कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0, प्लान ऑफ एक्शन/सर्वे, लम्बित कार्यों/संदर्भों की समीक्षा।
6. आसरा योजनान्तर्गत भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0, द्वितीय किस्त की प्राप्ति की स्थिति तथा आवासों के आवंटन की स्थिति की समीक्षा।
7. आई0एल0सी0एस0 2008 के लम्बित मामलों की आर0सी0 व वसूली आदि की समीक्षा।
8. शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों व अन्य मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली, जल निकासी, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य सामान्य सुविधा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013–14, 2014–15 तथा 2015–16 में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण एवं उसके सापेक्ष परियोजनाओं की कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की सूचना तैयार कर बैठक में साथ लेकर आयें।
9. सबके लिए आवास योजना के अंतर्गत शासनादेश संख्या–1847/69–1–2016–14(139)/2015 टीसी, दिनांक 19.08.2016 के क्रम में गठित जनपद स्तरीय समिति की सूचना एवं योजनान्तर्गत प्लान ऑफ एक्शन/सर्वे/अद्यतन प्रगति की समीक्षा।
10. एस0जे0एस0आर0वाई0 योजनान्तर्गत जिन जनपदों के पास अभी भी धनराशि अवशेष है वे उपघटकवार अन्तिम व्यय की सूचना साथ लेकर आयें तथा उसके सापेक्ष अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें।
11. मोटर/बैटरी चालित रिक्शा योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा तथा अभिकरण मुख्यालय द्वारा वांछित/सम्बन्धित सूचनाएं बैठक में साथ लेकर आयें। जनपद शामली, मेरठ, साहरनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, सम्भल, बरेली, अमरोहा,लखीमपुर–खीरी, एवं बदायूं सूडा मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की सूचना बैठक में साथ लेकर आयें।
12. मा0 मुख्यमंत्री जी के 'मेगा कॉल सेंटर' परियोजना के अन्तर्गत यू0पी0 डेस्को द्वारा वांछित लाभार्थियों की एक्सेल पर निर्मित (पूर्व निर्गत फार्मेट के अनुरूप) ई–रिक्शा प्राप्त लाभार्थियों की सूची की साफ्ट कापी साथ लेकर आएं।
13. जनसुनवाई (आई0जी0आर0एस0) के अन्तर्गत लम्बित संदर्भों की समीक्षा।
14. अडिटेड बैलेन्स–सीट वित्तीय वर्ष 2015–16 की समीक्षा।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक/
निदेशक सूडा, उ0प्र0

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, कैम्प/अपर निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प सूडा उ0प्र0।

2. संबंधित शहरों के परियोजना अधिकारी / सहा0परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0 इस निर्देश के साथ कि बैठक में समस्त सुसंगत सूचनाओं सहित स्वंय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
3. सूडा के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को आयोजित बैठक में समीक्षा बिन्दुओं सम्बन्धित पूर्ण विवरण समय से प्रस्तुत कर बुकलेट / पी0पी0टी0 बनवाने में अपनी समीक्षा आख्या प्रस्तुत करने व भाग लेने हेतु।
4. महाप्रबन्धक सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को समय से समस्त प्रगति आख्या भेजने, अपनी समीक्षा रिर्पोट प्रस्तुत करने व बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
5. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
6. नाजिर, सूडा को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक /
निदेशक सूडा, उ0प्र0